**राज्यपाल सचिवालय**

**राजभवन, जयपुर**

**राज्यपाल श्री मिश्र ने आई माता मन्दिर में किए दर्शन, प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना** की

जयपुर/ जोधपुर, 10 मार्च । राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने शुक्रवार को जोधपुर जिले के बिलाड़ा में सुप्रसिद्ध आई माता मन्दिर में दर्शन किए और प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की।

इस दौरान मन्दिर के दीवान श्री माधोसिंह ने उन्हें आई माता के प्रति श्रद्धा और आस्था भरे इतिहास, धार्मिक परम्पराओं तथा मन्दिर परिसर में प्रदर्शित झांकियों, लीलाओं तथा छायाचित्रों, भक्ति साहित्य आदि के बारे में अवगत कराया।

-----